वर्ष- 3 , अंक- 192
छपरा
17 जून बुधवार
2026
पृष्ठ - 04

दैनिक
# खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

: ब्रीफ बॉक्स :

### टीएमसी के दोनों गुटों का पक्ष सुनेंगे स्पीकर: ममता खेमे को भी बुलाया



**कोलकाता/नई दिल्ली, एजेंसी।** तृणमूल कांग्रेस (TMC) के बागी सांसदों ने लोकसभा में अलग ग्रुप के तौर पर मान्यता देने की मांग की है। इस पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद फैसला करेंगे। PTI के मुताबिक, स्पीकर कार्यालय ने ममता बनर्जी खेमे के सांसदों को भी ईमेल भेजकर बैठक के लिए बुलाया है। दोनों पक्षों से बात करने के बाद ही फैसला होगा। यह फैसला संसद के मानसून सत्र से पहले आ सकता है। सूत्रों के मुताबिक, स्पीकर इस मामले में कानून मंत्रालय की राय भी ले सकते हैं। यह राय इसलिए ली जा रही है, ताकि स्पीकर का फैसला अदालत में चुनौती मिलने पर भी कानूनी जांच में टिक सके।

रविवार को TMC के 20 बागी सांसदों में से 17 ने स्पीकर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा था।

### मानसून तेलंगाना में 6 दिन से अटका

### छत्तीसगढ़ में बारिश के लिए 3-4 दिन, जबकि महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हफ्तेभर इंतजार करना होगा



**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना, एजेंसी।** मानसून तेलंगाना के भद्राचलम में 6 दिन से अटका हुआ है। इस वजह से छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बारिश में देरी हो गई है। यहां कई हिस्सों में गर्मी लौट आई है। वर्ल्ड मेट्रोलॉजी ऑर्गनाइजेशन की हाइड्रोमेट्री टीम के मेंबर डॉ. पंकज कुमार के मुताबिक छत्तीसगढ़ में 3 से 4 दिन, तो मध्य प्रदेश में मानसून की एंट्री करीब हफ्तेभर बाद हो सकती है।

उनका यह भी कहना है कि इस हफ्ते के अंत तक बारिश की गतिविधियों में सुधार संभव है। मानसून के कमजोर होने की वजह समुद्र में नमी की कमी नहीं, बल्कि ऊपरी वायुमंडल की हवाओं का असामान्य पैटर्न है। इन हवाओं को जेट स्ट्रीम कहते हैं।

### अमेरिका के कैलिफोर्निया में बी-52 बमवर्षक विमान दुर्घटनाग्रस्त: 8 लोगों की मौत



**कैलिफोर्निया, एजेंसी।** अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित एडवर्ड्स वायुसेना अड्डे पर सोमवार सुबह बी-52 बमवर्षक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिकी वायुसेना के मुताबिक, विमान में सवार सभी 8 लोगों की मौत हो गई।

अमेरिकी वायुसेना के अनुसार, विमान नियमित परीक्षण उड़ान पर था। सुबह करीब 11:20 बजे उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान नीचे गिर गया और उसमें आग लग गई। मृतकों में वायुसेना के जवान और विमान परीक्षण से जुड़े विशेषज्ञ शामिल थे। फिलहाल दुर्घटना की वजह स्पष्ट नहीं है।

अनुमान है कि विमान की नियंत्रण प्रणाली, इंजन या परीक्षण किए जा रहे किसी उपकरण में खराबी आई होगी। अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि विमान में हथियार मौजूद थे या नहीं।

# आधार कार्ड का इस्तेमाल सिर्फ पहचान के लिए हो

## सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र-राज्यों से जवाब मांगा; दावा- अभी पता और जन्मतिथि के सबूत के रूप में माना जा रहा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र और राज्यों से उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आधार कार्ड का इस्तेमाल नागरिकता, मूल निवास और पते के प्रमाण के रूप में गलत तरीके से किया जा रहा है। याचिका में मांग की गई है कि इसके इस्तेमाल को केवल पहचान की पुष्टि तक ही सीमित रखने के निर्देश दिए जाएं।




मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय की याचिका पर केंद्र, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया। याचिका में केंद्र, राज्यों और निर्वाचन आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि आधार का इस्तेमाल केवल पहचान के प्रमाण के रूप में हो, न कि नागरिकता, मूल निवास, पते और जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में।

**याचिकाकर्ता के दो तर्क:** आधार अधिनियम की धारा 9 स्पष्ट रूप से बताती है कि आधार नागरिकता या मूल निवास का प्रमाण नहीं है।

भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की 22 अगस्त 2023 की अधिसूचना में भी स्पष्ट किया गया है कि आधार केवल पहचान का प्रमाण है, नागरिकता, पते या जन्मतिथि का नहीं।

**घुसपैठियों और अवैध प्रवासियों को आसानी से मिल रहे दूसरे दस्तावेज:** आधार का इस्तेमाल स्कूलों में प्रवेश, संपत्ति खरीदने, जन्म प्रमाण पत्र, राशन कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने जैसी प्रक्रियाओं में आयु, नागरिकता और निवास के प्रमाण के रूप में किया जा रहा है। याचिका में दावा किया गया है कि इसी वजह से घुसपैठिए और अवैध प्रवासी भी आधार के आधार पर अन्य दस्तावेज हासिल कर रहे हैं।

याचिका में चुनावी प्रक्रिया में इस्तेमाल होने वाली सत्यापन व्यवस्था में व्यापक सुधार की मांग की गई है। इसके साथ ही एक उच्चस्तरीय निगरानी समिति बनाए जाने का सुझाव दिया गया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश, साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ और फोरेंसिक विशेषज्ञ शामिल हों।

**मतदाता पंजीकरण सत्यापन पर भी सवाल उठाए...** याचिकाकर्ता ने मतदाता पंजीकरण सत्यापन प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए हैं। याचिका के अनुसार, फॉर्म-6 के तहत दस्तावेजों की जांच पर्याप्त नहीं है और इससे ऐसे लोगों के नाम भी मतदाता सूची में शामिल हो सकते हैं, जिनके पास जरूरी वैध दस्तावेज नहीं हैं।

### नीट री-एग्जाम तक भारत में टेलीग्राम पर रोक:

## 21 को परीक्षा, 22 जून तक ऐप काम नहीं करेगा

**» संदेश संपादन फीचर 30 जून तक बंद**




**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत सरकार ने नीट की दोबारा परीक्षा को लेकर भारत में टेलीग्राम संदेश सेवा ऐप के इस्तेमाल पर अस्थायी रोक लगाने का आदेश दिया है। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी।

एनटीए ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (माइटी) ने सूचना प्रौद्योगिकी कानून, 2000 की धारा 69ए के तहत टेलीग्राम पर रोक लगाई है। यह रोक 22 जून 2026 तक रहेगी। हालांकि आदेश कब से लागू होगा, इसकी तारीख नहीं दी गई है।

नीट री-एग्जाम 21 जून को होगा। सरकार ने परीक्षा के बाद भी टेलीग्राम को अपना संदेश संपादन फीचर 30 जून तक बंद रखने का निर्देश दिया है। यानी भारत में टेलीग्राम पर पहले से भेजे गए संदेश 30 जून तक संपादित नहीं हो पाएंगे।

एनटीए के मुताबिक कुछ लोग टेलीग्राम का इस्तेमाल परीक्षाओं में प्रश्नपत्र लीक होने के फर्जी सबूत बनाने के लिए करते रहे हैं। ऐसे मामलों को रोकने और परीक्षा की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए यह कदम उठाया गया है।

**री-एग्जाम 3 घंटे 15 मिनट का होगा, 4 रफ वर्क शीट मिलेंगी...** एनटीए ने नीट-यूजी री-एग्जाम में कुछ बदलाव किए हैं। 12 जून को जारी नई दिशा-निर्देशों के मुताबिक, परीक्षा का समय अब 180 मिनट से बढ़ाकर 195 मिनट कर दिया गया है। इसके अलावा उत्तर पुस्तिका में रफ वर्क के लिए भी जगह बढ़ाई गई है।

## दीपके बोले- जयपुर में RSS के लोगों ने हमला किया

**» कॉकरोच पार्टी के 2 लाख फॉलोअर्स घटे**

**जो उनके खिलाफ, उसका यही अंजाम**

**नागपुर, एजेंसी।** कॉकरोच जनता पार्टी (CJP) के फाउंडर अभिजीत दीपके ने मंगलवार को आरोप लगाया कि जयपुर में उन पर हुए हमले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी RSS के लोगों का हाथ था। अभी दीपके नागपुर में है। यहां 4 बजे संविधान चौक पर पार्टी का प्रदर्शन है।

उन्होंने कहा- 'जब भी कोई सरकार या उसकी विचारधारा के खिलाफ बोलता है, तो ऐसा ही होता है। इसमें कुछ नया नहीं है।' कल यानी 15 जून को कॉकरोच जनता पार्टी ने जयपुर में प्रदर्शन किया था। इस दौरान भीड़ में शामिल युवकों ने दीपके को थप्पड़ मारे थे।




वहीं, CJP के इंस्टाग्राम अकाउंट पर 2 लाख फॉलोअर्स कम हो गए हैं। 16 जून को पार्टी के इंस्टाग्राम पर 2.25 करोड़ फॉलोअर्स हैं। 6 जून को दिल्ली में CJP के पहले प्रदर्शन से पहले इंस्टाग्राम पर 2.21 करोड़ फॉलोअर्स थे। अगले दिन 7 जून को 24 घंटे के भीतर 2.27 करोड़ फॉलोअर्स हो गए थे।

कॉकरोच जनता पार्टी नीट पेपर लीक, CBSE परीक्षा में गड़बड़ी और शिक्षा व्यवस्था से जुड़े मुद्दे को लेकर शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा मांग रही है। इसके लिए देशभर में प्रदर्शन कर रही है।

### देश के प्रमुख ठिकानों पर ड्रोन हमले की आशंका

## सरकार का एजेंसियों को अलर्ट- इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ाएं; एंटी-ड्रोन प्रणाली की तैनाती शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने चेतावनी दी है कि सीमाओं पर मौजूद महत्वपूर्ण ठिकानों पर दुश्मन ड्रोन हमला कर सकता है। 'द हिंदू' की खबर के मुताबिक, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय के समुद्री सुरक्षा प्रकोष्ठ ने जमीन और समुद्री सीमाओं के पास मौजूद महत्वपूर्ण संपत्तियों और ठिकानों पर ड्रोन हमले को लेकर अलर्ट जारी किया है।




**मंत्रालय के पत्र में लिखा है:** हमें जल्द से जल्द ठोस कदम उठाने होंगे, खासकर सीमा के पास बने अपने ठिकानों को खतरनाक ड्रोनों से बचाने के लिए एंटी-ड्रोन प्रणाली लगानी होगी। दुनिया के मौजूदा हालात को देखकर यह साफ है कि दुश्मन के ड्रोन हमारे जरूरी ठिकानों के कामकाज को ठप कर सकते हैं। इस चेतावनी के बाद सुरक्षा एजेंसियां देशभर के खास ठिकानों को सुरक्षित रखने के लिए एंटी-ड्रोन प्रणाली लगाने में जुट गई हैं।

**एंटी-ड्रोन प्रणाली को जांचने के लिए बीएसएफ-सीआईएसएफ ने टीम बनाई:** गृह मंत्रालय ने भी सीमा सुरक्षा बल के तहत एक विशेष समिति बनाई है। इस समिति का काम भारत के लिए सबसे अच्छी एंटी-ड्रोन प्रणाली की जांच करना और उसे मंजूरी देना है। सूत्रों ने बताया कि बीएसएफ पाकिस्तान सीमा से सटे पंजाब के इलाकों में इन प्रणालियों को लगाने की तैयारी कर रही है और इसके लिए बाकायदा परीक्षण भी शुरू हो चुके हैं।

इसके साथ ही केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने भी एक टीम बनाई है। इस टीम में रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ), खुफिया ब्यूरो (आईबी), भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) और बीएसएफ के अधिकारी शामिल हैं, जो देश के महत्वपूर्ण ठिकानों का दौरा कर रहे हैं।

इस टीम की रिपोर्ट और गृह मंत्रालय की मंजूरी के बाद ही तय होगा कि किस ठिकाने पर कौन-सी एंटी-ड्रोन प्रणाली लगाई जाएगी।



## सिरप अब डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन पर ही मिलेगा

### सरकार ने दवा खरीद के नियम बदले; MP में दूषित सिरप से 26 बच्चों की मौत हुई थी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कफ सिरप अब बिना डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के नहीं खरीदे जा सकेंगे। केंद्र सरकार ने ड्रग्स नियमों में बदलाव किया है। इसके तहत सिरप को अब उस लिस्ट से हटा दिया गया है, जिसमें दवाएं सीधे दुकान से खरीदी जा सकती हैं।

सरकार का कहना है कि इससे सिरप आधारित दवाओं पर निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण मजबूत होगा। साथ ही सिरप निर्माता और विक्रेता को लाइसेंसिंग और क्वालिटी कंट्रोल से जुड़े सख्त नियमों का पालन करना ही होगा। मध्य प्रदेश में अक्टूबर 2025 में दूषित सिरप से 26 बच्चों की मौत हो गई थी।

**सिरप को लिस्ट से हटाया:** नई व्यवस्था के तहत ड्रग्स रूल्स, 1945 की अनुसूची च में बदलाव किया गया है। इस अनुसूची में उन दवाओं को रखा गया था, जिन्हें कुछ नियमों में छूट दी गई थी। अब इस सूची से सिरप को हटा लिया गया है।

**तीन साल पहले क्वालिटी टेस्ट अनिवार्य किया था...** दवा सुरक्षा और गुणवत्ता को लेकर केंद्र सरकार पिछले कुछ वर्षों में कई कदम उठा चुकी है। 2022-23 में भारत में बनी कुछ कफ सिरप दवाओं को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सवाल उठे थे। अफ्रीकी देशों और उज्बेकिस्तान में बच्चों की मौत के मामलों के बाद भारतीय दवाओं की गुणवत्ता पर निगरानी बढ़ाई गई थी।

इसके बाद सरकार ने कफ सिरप के निर्यात से पहले सरकारी लैब में अनिवार्य परीक्षण की व्यवस्था लागू की। साथ ही दवा निर्माण इकाइयों के लिए गुड मैन्युफैक्चरिंग प्रैक्टिस (GMP) मानकों को भी सख्त किया गया। कई कंपनियों के लाइसेंस निलंबित किए गए और उत्पादन इकाइयों पर कार्रवाई हुई।

## बकाया चालान वाली गाड़ियों के नंबर एलईडी स्क्रीन पर दिखेंगे

**» एआई कैमरे ट्रैफिक सिग्नल पर 12 सेकेंड में पकड़ रहे; मर्सिडीज के 8 चालान लंबित मिले**

**जयपुर, एजेंसी।** जयपुर में अब ट्रैफिक नियमों का बार-बार उल्लंघन करने और बकाया चालान वाली गाड़ियों के नंबर चौराहों पर लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन पर दिखेंगे। इसकी शुरुआत चार दिन पहले रामबाग चौराहे से की गई है। इस चौराहे से गुजरने वाली गाड़ियों पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) कैमरे नजर रखते हैं और चालान बकाया होने पर 12 सेकेंड के भीतर उनके नंबर चौराहे पर लगी एलईडी स्क्रीन पर प्रदर्शित कर देते हैं। इसके बाद ट्रैफिक पुलिसकर्मी उस गाड़ी को रोककर बकाया चालान की जानकारी देते हैं और वाहन मालिक को चालान जमा कराने के लिए समझाते हैं। इसके बाद भी चालान जमा नहीं कराया जाता है, तो अगली बार वाहन जब्त कर लिया जाता है। इस एआई आधारित अत्याधुनिक तकनीक 'स्मार्ट वाहन चालान पहचान प्रणाली' के जरिए चालान जमा नहीं कराने वाले वाहनों की पहचान की जा रही है। चार दिन पहले प्रायोगिक तौर पर शुरू की गई इस पहल में शुरुआती दौर में बड़ी संख्या में वाहनों की पहचान की गई है। ट्रैफिक पुलिसकर्मी वाहन चालक को समझाकर जुर्माना जमा कराने की सलाह दे रहे हैं। किसी वाहन का चालान बकाया नहीं होने पर उसे धन्यवाद भी दिया जाता है। ट्रैफिक पुलिस ने इस पूरी प्रक्रिया के लिए अजमेरी गेट स्थित यादगार में एक नियंत्रण कक्ष भी तैयार किया है।




**इन कंपनियों के साथ पुलिस ने प्रणाली की शुरुआत की...** गौरतलब है कि राजस्थान पुलिस, ईवा भारत ने क्रैशफ्री मीडिया और कार्स24 के साथ मिलकर जयपुर में 'स्मार्ट वाहन चालान पहचान प्रणाली' शुरू की है। यह प्रणाली स्मार्ट और डिजिटल रूप से जुड़े शहरी बुनियादी ढांचे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। रामबाग चौराहे पर प्रायोगिक तौर पर लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीन पर बकाया चालान वाले वाहनों की वास्तविक समय में पहचान कर उनके नंबर प्रदर्शित किए जा रहे हैं।

## मेकेदातु बांध परियोजना का विरोध बढ़ा

### 23 जून को दिल्ली में प्रदर्शन करेंगे तमिलनाडु के किसान

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु के किसानों ने कर्नाटक के प्रस्तावित मेकेदातु बांध प्रोजेक्ट का विरोध और तेज कर दिया। उन्होंने केंद्र सरकार पर इस प्रस्ताव को खारिज करने का दबाव बनाने के लिए 23 जून को नई दिल्ली में एक बड़े विरोध प्रदर्शन की घोषणा की है। तिरुवरूर में तमिलनाडु कावेरी किसान संगठन की राज्य समिति की बैठक के बाद जारी एक बयान में संगठन ने कहा कि राज्य भर के किसान एक मार्च में हिस्सा लेंगे और राष्ट्रीय राजधानी में केंद्रीय जल संसाधन विभाग के मुख्यालय का घेराव करेंगे।



**किसानों को है इस बात की चिंता:** संगठन ने चिंता जताई कि कावेरी नदी पर प्रस्तावित जलाशय से तमिलनाडु में पानी की उपलब्धता पर बुरा असर पड़ सकता है और कावेरी डेल्टा क्षेत्र में खेती के लिए गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। आरोप लगाया कि तमिलनाडु की कड़ी आपत्तियों के बावजूद कर्नाटक इस प्रोजेक्ट की योजनाओं पर आगे बढ़ रहा है। संगठन के महासचिव पीआर पांडियन ने कहा कि किसान केंद्र से इस प्रोजेक्ट के लिए कोई भी मंजूरी न देने का आग्रह करेंगे। उन्होंने तर्क दिया कि तमिलनाडु की सहमति के बिना मेकेदातु में बांध बनाने से नदी के निचले हिस्से में खेती करने वाले किसानों के हितों को नुकसान पहुंचेगा और कावेरी के पानी में राज्य के हिस्से पर असर पड़ेगा।

**सीएम विजय से भी प्रोजेक्ट रोकने की अपील...** उन्होंने मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय से भी अपील की कि वे इस प्रोजेक्ट को शुरू होने से रोकने के लिए सभी जरूरी कानूनी और प्रशासनिक कदम उठाएं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को तमिलनाडु के पानी के अधिकारों की रक्षा करने और कावेरी पर निर्भर लाखों किसानों की आजीविका बचाने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। पांडियन ने कहा कि 23 जून के आंदोलन में तमिलनाडु के अलग-अलग जिलों के कई संगठनों का प्रतिनिधित्व करने वाले किसान एक साथ आएंगे। इस विरोध प्रदर्शन से केंद्र सरकार को एक कड़ा संदेश जाएगा कि राज्य मेकेदातु प्रोजेक्ट का पूरी तरह से विरोध करता है।

### अमेरिका-ईरान में पीस डील पर डिजिटल साइन हुए

## 19 जून को औपचारिक डील; ईरान को 28 लाख करोड़ हर्जाना दे सकता है अमेरिका

**तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका-ईरान समझौता पूरा हो चुका है और इस पर शुक्रवार को स्विट्जरलैंड के जेनेवा में औपचारिक हस्ताक्षर होंगे। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी डेलिगेशन की अगुआई उपराष्ट्रपति जेडी वेंस करेंगे। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ट्रम्प, जेडी वेंस और ईरानी संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ डिजिटल रूप से समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। हालांकि, समझौते का पूरा मसौदा अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। ट्रम्प ने कहा कि दस्तावेज शुक्रवार के बाद जारी किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि दोनों देशों के बीच 14 पॉइंट वाला एक शुरुआती मसौदा तैयार हुआ है, जिस पर आगे तकनीकी स्तर की बातचीत होगी। वहीं कुछ रिपोर्टों के मुताबिक ईरान को आर्थिक सहायता के लिए करीब 28 लाख करोड़ रुपए का पैकेज मिल सकता है, हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हुई है।



**ईरान बोला- अमेरिका से दो चरणों में बातचीत होगी:** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा है कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौते के बाद होने वाली आगे की बातचीत दो चरणों में होगी। पहले चरण में होर्मुज स्ट्रेट की स्थिति, अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी और पुनर्निर्माण जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। इसके बाद दूसरे चरण की बातचीत शुरू होगी जो 60 दिन तक चलेगी। इसमें परमाणु कार्यक्रम और प्रतिबंधों में राहत जैसे अहम मुद्दों पर बात होगी।

# सोनपुर प्रखंड के चतुरपुर व रसूलपुर पंचायत भवन में लगायी गयी सहयोग शिविर में लोगों ने रखीं समस्याएं

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड अंतर्गत चतुरपुर एवं रसूलपुर पंचायत भवन में मंगलवार को सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। पंचायतों में जनप्रतिनिधि द्वारा मेकिंग से प्रचार प्रसार नहीं कराने के कारण लोगों की उपस्थिति कम.रही , कमलेश सिंह, पंकज कुमार, चन्द्रमा, राहुल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सहयोग शिविर की जानकारी गाँव के लोगो क़ो पूर्ण रूप से नहीं मिली जिसके कारण अधिकाश लोग सहयोग शिविर में नहीं आये. जिन लोगो क़ो जनकारी मिली शिविर में ग्रामीण अपनी-अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों व कर्मियों को आवेदन सौंपा। लोगों ने जमीन समस्याओं , राशन व पेंशन, आवास, सामाजिक सुरक्षा, नलजल, विधुत तथा अन्य जनसमस्याओं से जुड़े मामलों को रखा।वही लगायी गयी दोनों शिविर का निरीक्षण सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आम लोगों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए, ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ समय पर मिल



सके।जिन लोगो क़ो समस्याओं से ग्रसित है उनकी समस्याओं का निदान समय सीमा के अंदर किया जाए।

इस अवसर पर सोनपुर बीडीओ अरोमा मोदी, सीओ राजकुमार, आरओ संजीव कुमार, एमओ सौम्या, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी केशव राय तथा सीडीपीओ श्वेता कुमारी सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

अधिकारियों ने शिविर में आए आवेदनों की समीक्षा कर संबंधित मामलों के शीघ्र निष्पादन का भरोसा दिलाया।विधायक ने कहा कि इस तरह के सहयोग शिविर ग्रामीणों की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर सुनने और उनका समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। चतुरपुर पंचायत में नलजल -4, पेशन -4 जनवितरण -5, विधुत -2,राजस्व 15, जबकि रसुलपुर पंचायत में जनवितरण --8,राजस्व --52, विधुत --2, समाजिक पेशन -5 नलजल --5 आवेदन ग्रामीणों ने दिया।नये भवन दूधैला मकदुमपुर में सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में 17,18 जुन क़ो लगेगा जन कल्याण शिविर। जिसमे ग्रामीण लोग अपनी अपनी समस्याओं के लिए आवेदन दे सकते है। शिविर में उपस्थित मुखिया वंदना देवी, कर्मी पंचायत सचिव राहुल कुमार,जयमंगल कुमार, कार्यपालक सहायक विकास कुमार,सुशील कुमार, पैक्स नीरज कुमार, राजस्व कर्मी कुंदन कुमार,उपेंद्र कुमार, पीआरएस मनीरंजन मनीष, आवास सहायक जावेद आलम, रवि रंजन,आवास पर्वेक्षक राकेश कुमार, जनवितरण कुशवंत कुमार, विधुत जेई रुपेश कुमार, सुजीत कुमार, बच्चा बाबु, विकास मित्र ममता, हरेंद्र, संदीप, सरस्वती, रिंकू, सीमा, मो. नुरेन सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## आगामी श्रावणी मेला की तैयारियों का जायजा लेने शिल्हौरी मंदिर पहुंचे सारण के डीएम और एसएसपी




**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** आगामी श्रावणी मेला की पूर्व तैयारियों को लेकर सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव और एसएसपी विनीत कुमार ने मंगलवार को ऐतिहासिक शिल्हौरी मंदिर का दौरा किया. इस दौरान दोनों शीर्ष अधिकारियों ने पूरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को समय से दुरुस्त करने के निर्देश दिए. अधिकारियों ने मेले के दौरान उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा और विधि-व्यवस्था के हर बिंदु पर स्थानीय मंदिर कमेटी तथा प्रशासनिक अधिकारियों से विस्तृत फीडबैक लिया.डीएम ने श्रद्धालुओं के सुगम प्रवेश और सुरक्षित निकास के लिए स्थानीय तौर पर जरूरी बैरिकेडिंग करने और पर्याप्त संख्या में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके. इसके साथ ही उन्होंने मेले से पहले मंदिर परिसर में पेयजल, रोशनी, साफ-सफाई और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से बहाल करने को कहा. वही स्थानीय ग्रामीण राम प्रेम राय ने मंदिर परिसर में आंगनबाड़ी केंद्र और अंडा की दुकान चलाये जाने पर आपत्ति किया. साथ ही मंदिर परिसर में समुचित पेयजल और शौचालय की व्यवस्था करने की मांग की. इस निरीक्षण के दौरान मंदिर न्यास समिति की पदेन अध्यक्ष सह एसडीओ निधि राज, डीएसपी सविंदर कुमार दास, सीओ अंबपाली यादव, बीडीओ अभिषेक कुमार प्रभाकर और थानाध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद मौजूद रहे.वहीं, मंदिर कमेटी की ओर से उपाध्यक्ष सर्वेश्वर उपाध्याय, पुजारी धर्मेंद्र उपाध्याय, भूपेश प्रसाद, संजय सिंह, ब्रज किशोर सिंह, राजेश गुप्ता, वीर कुंवर सिंह, अंकित कुमार और अनिल राय सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे.

## डीएम ने मढ़ौरा में आयोजित विशेष जन सहयोग शिविरों का किया निरीक्षण



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** मंगलवार को मढ़ौरा प्रखंड में लगे जन सहयोग शिविरों का सारण जिला अधिकारी वैभव श्रीवास्तव और एसएसपी विनीत कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने प्रखंड क्षेत्र के हथिसार, गौरा और प्रखंड सभागार में आयोजित विशेष जन सहयोग शिविरों का मुआयना किया और मौके पर उपस्थित एसडीएम निधि राज, सीओ अंबपाली यादव बीडीओ अभिषेक कुमार प्रभाकर समेत अन्य कर्मियों से शिविरों में प्राप्त आवेदन का फीडबैक लिया। जबकि डीएम को कही कही सीधे आम जनों ने भी रोक कर अपनी फरियाद सुनायी. इस मौके पर अनुमंडल, अंचल, प्रखंड, नगर पंचायत, शिक्षा, कृषि, विद्युत और बुनियाद केन्द्र कार्यालय के अधिकारी और कर्मी उपस्थित रहे। बता दे कि मंगलवार 16 जून को प्रखंड क्षेत्र में हथिसार, गौरा, मढ़ौरा प्रखंड सभागार और नगर क्षेत्र में नपं प्रशासन ने नगर क्षेत्र के असोइयां में सहायता शिविर का आयोजन किया गया था। जहां पर सर्वाधिक मामले राजस्व, राशन और पेंशन से जुड़े आए. अधिकारियों ने बताया कि कई का निष्पादन भी किया गया और शेष मामले जांच उपरांत निष्पादित किए जायेंगे।

## पहलेजा पुलिस ने सात लोगो क़ो किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर छापेमारी कर विभिन्न मामलों में फरार चल रहे सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। उक्त बात के जनकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने मंगलवार क़ो बताया कि सिविल कोर्ट से निर्गत वारंट के आलोक में विभिन्न मामलों में फरार चल रहे आरोपी खरीका के रमेश महतो एवं भूइल महतो, कसमर के शंभूनाथ शर्मा एवं शंभू दास, सैदपुर के दिनेश राय और रमसापुर दियारा के जनक महतो एवं कमल महतो को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया गया।

## श्री शतचंडी सह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** प्रखंड के हसनपुरा गांव स्थित शिव मंदिर परिसर में सात दिवसीय श्री शतचंडी सह मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ की शुरुआत मंगलवार को भव्य कलश सह शोभा यात्रा के साथ हुई। इस धार्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। शोभा यात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु अपने हाथों में पवित्र कलश लेकर शामिल हुए। यह यात्रा हसनपुरा शिव मंदिर से प्रस्थान कर मढ़ौरा बाजार होते हुए ऐतिहासिक गढ़देवी मंदिर पहुंची। वहां विद्वान आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश में पवित्र जल भरा गया। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रास्ते में जगह-जगह सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा शरबत और पेयजल की उत्तम व्यवस्था की गई थी। शोभा यात्रा का नेतृत्व हसनपुरा के मुखिया अमित राय, बीडीसी मनोज राय, पैक्स अध्यक्ष पवन सिंह, हरेंद्र राय, समाजसेवी अभिषेक राय, अनुज गुप्ता, नवलेश सिंह, सुजय गुप्ता, पवन गुप्ता, आनंद कुमार, नीरज कुमार और सुधीर शर्मा सहित कई गणमान्य लोगों ने किया। यज्ञ संचालक और आयोजक अंबुज बाबा ने बताया कि इस सात दिवसीय महायज्ञ के दौरान माता दुर्गा की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने जानकारी दी कि महायज्ञ के दौरान सातों दिन श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक सत्संग और रामलीला का भव्य आयोजन होगा। इसके अलावा, मेले में मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार के झूले और मीना बाजार भी लगाए गए हैं।

## सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय के नए आधुनिक भवन निर्माण का भूमि पूजन, सोनपुर विधायक ने रखी आधारशिला



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय को जल्द ही नया और अत्याधुनिक भवन मिलने जा रहा है। मंगलवार को सोनपुर विधायक विनय कुमार सिंह ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर नए भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।यह महत्वाकांक्षी परियोजना लगभग 16.32 करोड़ रुपये की लागत से पूरी की जाएगी। प्रस्तावित भवन तीन मंजिला होगा, जिसकी लंबाई 180 फीट और चौड़ाई 120 फीट निर्धारित की गई है। भवन निर्माण कार्य बिहार गवर्नमेंट बिल्डिंग कंस्ट्रक्शन डिपार्टमेंट के द्वारा कराया जा रहा है।नए भवन में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के साथ-साथ कई अन्य प्रशासनिक कार्यालय भी एक ही परिसर में संचालित होंगे। इसमें बीडीओ, सीओ, बीपीआरओ, आरओ, समेत विभिन्न विभागों के कार्यालय शामिल रहेंगे, जिससे प्रशासनिक कार्यों में बेहतर समन्वय और तेजी आएगी।आम लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भवन में डिजिटल सेवा केंद्र, कॉन्फ्रेंस हॉल, प्रतीक्षालय, अभिलेख कक्ष, स्वच्छ पेयजल, बेहतर विद्युत व्यवस्था तथा पर्याप्त पार्किंग जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इससे क्षेत्र के लोगों को सरकारी कार्यों के लिए अधिक सुव्यवस्थित और बेहतर सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी।सरकार ने इस परियोजना को वर्ष 2028 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। वहीं इंजीनियरों के अनुसार निर्माण कार्य अगले दो वर्षों के भीतर पूरा किया जा सकता है। भवन निर्माण पूर्ण होने के बाद सोनपुर को एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और सुविधायुक्त प्रखंड सह अंचल कार्यालय मिलेगा, जिससे प्रशासनिक सेवाएं और अधिक प्रभावी बनेंगी।भूमि पूजन कार्यक्रम में उपस्थित रहे भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश सिंह, संजीव सिंह,उदय सिंह, राजीव कुमार सिंह,अधिवक्ता विश्वनाथ सिंह, आदित्य कुमार, अधिवक्ता समरजीत सिंह, रविरंजन सिंह, राजीव मुनमुन, अविनाश शर्मा सहित कई भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी का छपरा में भव्य स्वागत, भाजपा नेताओं ने दी बधाई



**दैनिक खोज खबर/छपरा।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी के छपरा सर्किट हाउस आगमन पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश कुमार सिंह ने शिक्षा मंत्री को अंग वस्त्र और बुके भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सारण के सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह, शांतनु सिंह, बलवंत सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष संस्कार कुमार, मंडल अध्यक्ष मोनू सिंह, हरी सहनी और मंटू बाबा सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित थे। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता राकेश कुमार सिंह ने कहा कि संगठन हो या सरकार, शिक्षा मंत्री की कार्यशैली हमेशा सराहनीय रही है। उन्होंने बाबा हरिहरनाथ से प्रार्थना करते हुए उम्मीद जताई कि नए नेतृत्व में बिहार शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मुकाम हासिल करेगा। कार्यकर्ताओं ने पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को बखूबी निभाने के लिए मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सुहंई शाहपुर में भव्य कलशयात्रा के साथ शतचंडी महायज्ञ शुरू, उमड़ी श्रद्धालुओं की भारी भीड़



**दैनिक खोज खबर/बनियापुर (सारण)।** प्रखंड के सुहंई शाहपुर गांव में शतचंडी महायज्ञ सह भगवती प्राण-प्रतिष्ठा यज्ञ की शुरुआत मंगलवार को भव्य कलशयात्रा और जलभरी के साथ हुई। इस अवसर पर आयोजित कलशयात्रा में हजारों की संख्या में महिला और पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा में शामिल हाथी, घोड़े, रथ, बैंड-बाजे और विभिन्न देवी-देवताओं की झांकियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। कलशयात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर स्थानीय गांव दुबौली, बेदौली और चतुर्भुज छपरा होते हुए ऐतिहासिक श्रीगुप्तनाथ मंदिर पहुंची। यहां मंदिर के समीप स्थित पवित्र सरोवर से आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं को जलभरी कराई। इसके बाद जल लिए श्रद्धालु पकवाईनार, टेढ़ीघाट, लौवांकला, लौवांहाता, मझौली और हरपुर छतवां समेत कई गांवों की परिक्रमा करते हुए वापस यज्ञ स्थल पहुंचे।

**गर्मी को देखते हुए किए गए थे विशेष इंतजाम:** भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए कलशयात्रा के पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह शीतल पेय, शर्बत और फलाहार की व्यवस्था की गई थी। इसके साथ ही पैदल चल रहे श्रद्धालुओं को राहत देने के लिए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया गया था ताकि रास्ता ठंडा रहे।

**23 जून तक चलेगा यज्ञ, जुटेंगे कई कलाकार:** यह धार्मिक अनुष्ठान आगामी 17 जून से शुरू होकर 23 जून तक चलेगा। यज्ञाचार्य परशुराम मिश्रा ने बताया कि यज्ञ के दौरान प्रतिदिन शाम को अंतरराष्ट्रीय कथा वाचिका पंडिता गौरांगी गौरी जी का संगीतमय प्रवचन होगा।

**मेले और सुरक्षा के व्यापक प्रबंध:** श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यज्ञ स्थल पर विशाल पंडाल का निर्माण कराया गया है।

## तरैया के नंदनपुर में नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ शुरू

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के नंदनपुर बाजार स्थित नवनिर्मित माँ महाकाली मंदिर में मंगलवार को भव्य कलशयात्रा सह शोभायात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। महायज्ञ के आयोजन को लेकर भव्य कलश यात्रा सह शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें हाथी-घोड़े, बैंड-बाजे के साथ काफी संख्या में श्रद्धालु-भक्त पूरे श्रद्धा और विश्वास के साथ शामिल हुए।कलश यात्रा यज्ञस्थल से बैंड-बाजे, हाथी-घोड़े और जय श्रीराम, जय माता दी कि जयकारों के साथ निकली जो कि तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क होते हुए मढ़ौरा स्थित प्रसिद्ध मां गढ़देवी मंदिर परिसर में पहुंची। जहां यज्ञाचार्य पंडित अंकित मिश्रा के विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ कलशों में पवित्र जल भरी की गई। इसके उपरांत श्रद्धालु जय माता दी के जयकारे लगाते हुए



वापस यज्ञस्थल लौटे। महायज्ञ के व्यवस्थापक विनोद साह उर्फ गाटा साह भगतजी ने बताया कि कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ हो गया है। यह अनुष्ठान 16 जून से 24 जून तक चलेगा। 24 जून को समापन दिवस पर मां महाकाली की प्रतिमा की वैदिक विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी, जिसके बाद महाभंडारे का आयोजन होगा। वहीं महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन प्रवचन, रामलीला, रासलीला, हरिकीर्तन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। वहीं श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए भव्य मेला, झूला, मीना बाजार समेत अन्य आकर्षण भी उपलब्ध रहेंगे। कलश यात्रा में मुख्य रूप से मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, स्थानीय मुखिया तारकेश्वर सिंह, पूर्व मुखिया संजीव सिंह, पूर्व बीडीसी डॉ मनोज कुमार पंडित, रंजीत सिंह, शिक्षक संजीव कुमार सिंह, आलोक अमीन, डॉ रंजय सिंह, अजय सिंह, राजू विवेक साह समेत यज्ञ समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## श्रद्धांजलि सभा में उमड़ा जनसैलाब, शिक्षाविद वीरेंद्र कुमार सिंह को भावभीनी श्रद्धांजलि



**दैनिक खोज खबर/ जलालपुर( सारण)।** प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार सिंह के श्राद्ध संस्कार के अवसर पर उनके कुमना स्थित आवास पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, शिक्षक नेताओं, जनप्रतिनिधियों, मुखियाओं, शिक्षकों एवं समाजसेवियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय सिंह के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को याद करते हुए कहा कि स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार सिंह एक कुशल शिक्षक, मृदुभाषी, समयनिष्ठ एवं समाज के प्रति समर्पित व्यक्तित्व के धनी थे। वे सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह के पिताजी थे।उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया तथा अपने सेवा काल में अनेक विद्यार्थियों के जीवन को दिशा प्रदान की। स्वर्गीय सिंह कुमना गांव स्थित मध्य विद्यालय से प्रधानाध्यापक पद से अवकाश प्राप्त किए थे। वे शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखते थे। वक्ताओं ने कहा कि उनका सादा जीवन, उच्च विचार और अनुशासित कार्यशैली आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनी रहेगी। सभा में वक्ताओं ने उनके प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि स्वर्गीय वीरेंद्र कुमार सिंह की सामाजिक और शैक्षणिक विरासत सदैव स्मरणीय रहेगी।श्रद्धांजलि सभा में बिहार प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव दिनेश कुमार सिंह मुरलीधर सिंह,मुखिया धर्मेंद्र सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह,शशि भूषण शाही, सारन जिला सरपंच महासंघ के प्रभुनाथ सिंह, विनय कुमार दुबे,पप्पू सिंह, उमेश यादव,अखिलेश्वर पांडेय, बबलू सिंह, दीनबंधु दीपक, प्रसिद्ध नेता मनोज तिवारी, जदयू के प्रसिद्ध नेता मनोज सिंह पूर्व मुखिया विनोद कुमार सिंह,सुनील कुमार कुशवाहा, प्रसिद्ध शिक्षक नेता समरेंद्र बहादुर सिंह, राजू कुमार प्रा शि संघ सारण के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार सिंह अंचल सचिव सुरेंद्र राम, पं रमेश मिश्रा सहित दर्जनों अन्य गणमान्य व्यक्ति, शिक्षक नेता, जनप्रतिनिधि, मुखिया, शिक्षाविद् एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। अंत में परिवार के सदस्यों ने उपस्थित सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## 17-18 जून को नये भवन सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय दूधैला में लगेगा जन-कल्याण शिविर

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** राज्य सरकार के मुख्य सचिव के निर्देशानुसार राज्य के सभी प्रखंड में 17-18 जून को जन कल्याण सहयोग शिविर लगाएं जायेगे। इसी आदेश के अनुसार नये भवन दूधैला मखदुमपुर स्थित सोनपुर प्रखंड सह अंचल कार्यलय में 17 एवं 18 जून 2026 को प्रखंड सह अंचल कार्यालय में जन-कल्याण सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। उक्त बात के जनकारी देते हुए पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार ने सोमवार को बताया कि इस शिविर का उद्देश्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि शिविर में आम लोगों की समस्याओं का ऑन-द-स्पॉट समाधान किया जाएगा तथा विभिन्न योजनाओं से संबंधित आवेदन, शिकायत और आवश्यक दस्तावेजों की जांच की जाएगी। शिविर में केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत कार्ड, वृद्धा/विधवा/दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, स्वयं सहायता भत्ता योजना समेत कई योजनाओं से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। बीपीआरओ राजेश कुमार ने कहा कि शिविर स्थल पर हेल्प डेस्क, मेडिकल स्टॉल और विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए जाएंगे, ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने प्रखंड क्षेत्र के सभी पात्र लाभुकों से अपील किया है कि आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

# आस्था व शिक्षा का केंद्र बना देवरिया का योगी बाबा स्थल, पकड़ी वृक्ष से जुड़ी हैं अनोखी लोकमान्यताएं



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** सारण जिले के जलालपुर प्रखंड के देवरिया ग्राम में स्थित योगी बाबा का प्राचीन पकड़ी वृक्ष आज भी क्षेत्रवासियों की आस्था, शिक्षा विश्वास और लोकपरंपरा का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार यह स्थल वर्षों से श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं की पूर्ति का प्रतीक माना जाता है और आसपास के अनेक गांवों के लोग यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना करने आते हैं। गांव के बुजुर्ग बताते हैं कि उनके पूर्वजों से प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां कभी हरलाल बाबा नामक एक संत का आश्रम हुआ करता था। हरलाल बाबा अपने तप, त्याग और जनसेवा के लिए क्षेत्र में प्रसिद्ध थे। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार उनके देहांत के बाद उनकी आत्मा इसी प्राचीन पकड़ी वृक्ष में निवास करने लगी। तभी से यह वृक्ष श्रद्धालुओं के लिए पूजनीय बन गया और लोगों ने इसे 'पकड़ी बाबा' के नाम से पुकारना शुरू कर दिया।ग्रामीणों के बीच प्रचलित लोककथाओं के अनुसार पूर्व समय में जब कोपा स्टेशन अथवा कोपा बाजार की ओर से देर रात कोई राहगीर अपने गांव लौटता था और रास्ते में भय महसूस करता था, तब वह पकड़ी बाबा का स्मरण करता था। लोगों का विश्वास है कि ऐसे समय में बाबा किसी न किसी रूप में उसकी सहायता करते थे और उसे सुरक्षित घर तक पहुंचाते थे। क्षेत्र के अनेक बुजुर्ग आज भी ऐसी घटनाओं का उल्लेख करते हैं और इसे बाबा की कृपा मानते हैं। स्थानीय श्रद्धालुओं का कहना है कि आज भी जो व्यक्ति सच्चे मन और श्रद्धा के साथ पकड़ी बाबा के समक्ष अपनी मनोकामना व्यक्त करता है, उसकी इच्छा पूरी होती है। यही कारण है कि दूर-दूर से लोग यहां मत्था टेकने और पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं। यह स्थल धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी महत्वपूर्ण केंद्र है। विवाह के मौसम में यहां अष्टयाम, कथा, कीर्तन तथा विशेष पूजा-पाठ का आयोजन किया जाता है। लोगों की मान्यता है कि यहां पूजा करने से नवदंपतियों का वैवाहिक जीवन सुखमय एवं सफल होता है। इसी विश्वास के कारण विवाह से पूर्व अथवा विवाह के बाद नवविवाहित जोड़े यहां आशीर्वाद लेने आते हैं।

योगी बाबा का यह स्थल पिछले छब्बीस वर्षो से सारण जिले का प्रमुख शिक्षा केन्द्र के रुप मे भी उभड़ा है. यहां बाबा के चबूतरा पर पकड़ी बृक्ष के नीचे हर रविवार को देवरिया ग्राम निवासी व शिक्षक अखिलेश्वर पांडेय युवाओ को निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी क्विज के माध्यम से कराते हैं जिसमे जलालपुर रिविलगंज मांझी सहित क ई प्रखंडो के दर्जनो युवा हर रविवार को यहां पहुंचते है।बतौर क्विज संचालक ने योगी बाबा के नाम से क्विज क्लब बना रखा है। इस क्विज के माध्यम से सैकड़ो युवाओं ने सरकारी नौकरी पाई है। वही हर साल दर्जनो युवा नौकरी पा भी रहे है। इस कारण से भी योगी बाबा के प्रति युवाओ की बड़ी आस्था है।

देवरिया, अनवल, मुसहरी, बनकटा, धेनुकी, हंसुलाही तथा भेड़िहरवा टोला सहित आसपास के अनेक गांवों के ग्रामीणों के लिए यह स्थल प्रमुख पूजा केंद्र है। विभिन्न धार्मिक अवसरों पर यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है और पूरा वातावरण भक्ति एवं श्रद्धा से सराबोर हो जाता है।समय के साथ जहां आधुनिकता ने ग्रामीण जीवन में अनेक परिवर्तन लाए हैं।

## सृष्टि ने डीजीसीए ग्राउंड क्लासेज पूरा कर पायलट बनने की ओर बढ़ाया बड़ा कदम



**दैनिक खोज खबर/दिघवारा(सारण)।** प्रखंड के त्रिलोकचक पंचायत अंतर्गत इश्मैला गांव की रहने वाली सृष्टि सिंह ने पायलट बनने की दिशा में एक अहम उपलब्धि हासिल करते हुए डीजीसीए ग्राउंड क्लासेज सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है।उनकी इस सफलता से परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है।बता दें कि सृष्टि सिंह त्रिलोकचक पंचायत के पैक्स अध्यक्ष अभय कुमार सिंह एवं प्रतिमा सिंह की पुत्री हैं।उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ग्रामीण परिवेश में रहते हुए शक्ति शांति अकादमी,आमी से दसवीं एवं बारहवीं तक की पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने हैदराबाद स्थित पायलट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट से डीजीसीए ग्राउंड क्लासेज की पढ़ाई पूरी कर पायलट बनने की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया है। सृष्टि ने बताया कि उनका अगला लक्ष्य एयरलाइन कैडेट प्रोग्राम को सफलतापूर्वक पूरा करना है,जिसके बाद उनका पायलट बनने का सपना साकार हो जाएगा। बताया जाता है कि डीजीसीए ग्राउंड क्लासेज पायलट बनने की प्रक्रिया का अहम हिस्सा होता है, जिसमें छात्रों को उड़ान से पहले जरूरी थ्योरी विषयों की पढ़ाई कराई जाती है।इन कक्षाओं में एयर नेविगेशन, मेट्रोलॉजी, एयर रेगुलेशन और टेक्निकल विषय जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल होते हैं, जिन्हें पास करना अनिवार्य होता है। इस उपलब्धि के बाद अब वह अगला कदम फ्लाइंग ट्रेनिंग की ओर बढ़ेंगी, जिसके बाद उन्हें कमर्शियल पायलट लाइसेंस प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। अमेरिका से आए सृष्टि के चाचा संजीव सिंह ने बताया कि बचपन से ही उसका सपना पायलट बनने का था और उन्होंने कड़ी मेहनत व लगन से यह मुकाम हासिल किया है।इस उपलब्धि पर त्रिलोकचक पंचायत के मुखिया गुड़ेश्वर सिंह,अभय कुमार सिंह,प्रतिमा सिंह,संजीव सिंह,सविता सिंह,सुनील सिंह आदि ने सृष्टि को मिठाई खिलाकर बधाई दी तथा उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

## लू लगने से एक व्यक्ति की मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखंड में मंगलवार को लू लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह घटना एकमा-मांझी मुख्य मार्ग पर मांझी थाना क्षेत्र के नरपलिया बाजार के समीप हुई। मृतक की पहचान नरपलिया गांव निवासी 50 वर्षीय धनपत महतो के रूप में हुई है।दोपहर में धनपत महतो अचानक गर्म हवा की चपेट में आ गए और लू लगने के कारण वहीं गिर पड़े। स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिल पाई। धनपत महतो के आकस्मिक निधन से गांव में शोक का माहौल है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक का शरीर अत्यधिक गर्म हो गया था। आशंका जताई जा रही है कि उनके शरीर में पानी की कमी हो गई थी। बाद में उन्हें ग्रामीण चिकित्सक को भी दिखाया गया, लेकिन लू के कारण उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही उमस भरी गर्मी और तेज धूप के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। विशेषकर दिहाड़ी मजदूरों के सामने रोजी-रोटी की गंभीर समस्या खड़ी हो गई है। प्रशासन ने लोगों से लू के समय घर से बाहर न निकलने की अपील की है, लेकिन मजदूर वर्ग अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए कड़ी धूप में काम करने को विवश हैं, जिससे वे लू का शिकार हो रहे हैं।मृत्यु की खबर सुनकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों के रोने-बिलखने से माहौल गमगीन हो गया। बाद में परिजनों ने शव का दाह संस्कार कर दिया।

## डॉ. एस एन यादव को दी गई श्रद्धांजलि




**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** स्थानीय चट्टी के मशहूर चिकित्सक 75 वर्षीय डॉ स्वामीनाथ यादव को उनके श्राद्धकर्म पर श्रद्धांजलि दी गई. भारी संख्या में जूटे समाजसेवी आदि गणमान्य लोगों ने डॉ एस एन यादव को चिकित्सक के साथ समाजसेवी बताते हुए कहा कि आध्यात्म के साथ भजन कीर्तन भी डॉ यादव लिखते थे. मूल रुप से सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के भाठा मोहम्मदपुर गांव के निवासी डॉ यादव रसूलपुर चट्टी पर ही अपना प्रैक्टिस करते थे और नवादा पंचायत के चड़वां गांव में अपना स्थायी निवास बना कर रहते थे. तीन पुत्र, दो पुत्रियां ,पत्नी व नाती पोते से भरा शिक्षित परिवार डॉ यादव ने छोड़ा है. उनके बड़े पुत्र अधिवक्ता ब्रजेश यादव ने श्रद्धांजलि देने पहुंचे आगंतुकों के प्रति कृतज्ञता जताई. श्रद्धांजलि देने वालों में शिक्षक रामबहादूर यादव,अनिल उपाध्याय, राजेश्वर यादव, रामेश्वर गोप आदि मुख्य रुप से मौजूद थे।

## तरैया में आयोजित सहयोग शिविर का डीएम व एसएसपी ने किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के डेवढ़ी और भटगाई पंचायत तथा प्रखण्ड मुख्यालय में मंगलवार को सहयोग शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में कुल 36 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई समस्याओं का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। इसके साथ ही अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान का भी आश्वासन दिया। डेवढ़ी पंचायत के भटौरा स्थित पंचायत भवन परिसर में आयोजित शिविर में जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव, वरीय पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार और स्थानीय विधायक जनक सिंह ने पहुंचकर लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। वहीं जिलाधिकारी द्वारा शिविर के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि पूर्व से प्राप्त 15 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है तथा आज के शिविर में 14 नए आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने आवेदकों से संवाद किया तथा नल-जल योजना के अनुरक्षकों के बकाया भुगतान से संबंधित मामलों में प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक प्रक्रियात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला खनन पदाधिकारी सर्वेश कुमार सांभर, बीडीओ विभु विवेक सहित कृषि, विद्युत और स्वास्थ्य विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। मुखिया प्रियंका सिंह ने बताया कि डेवढ़ी शिविर में पेंशन, राशन कार्ड और नल-जल योजना से संबंधित 15 आवेदन मिले, जिनका तत्काल निपटारा कर दिया गया। इस दौरान प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, मुखिया प्रतिनिधि दिलीप सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि अशोक ब्यास समेत अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। वहीं, भटगाई पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में मुखिया ओमप्रकाश कुमार ने बताया कि राशन कार्ड, आवास, कृषि, बिजली और पेंशन से जुड़े कुल 21 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 10 आवेदनों को मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया।

## सैन्य अधिकारी बन अभिषेक ने किया जिले का नाम रौशन

**दैनिक खोज खबर/रसूलपुर(एकमा)।** सारण जिले के रसूलपुर थानान्तर्गत अतरसन गांव निवासी अभिषेक कुमार सिंह, पुत्र श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, ने भारतीय सेना में अधिकारी बनकर अपने परिवार एवं क्षेत्र सहित जिले का नाम रोशन किया है.अभिषेक की प्रारंभिक शिक्षा सैनिक स्कूल, नालंदा (बिहार) से हुई. उनके पिता स्वयं भारतीय सेना में सेवा दे चुके हैं, जिनके मार्गदर्शन और प्रेरणा से अभिषेक ने बचपन से ही सेना में जाने का लक्ष्य निर्धारित किया था.



कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर अभिषेक ने इंडियन मिलिट्री अकादमी, देहरादून में चार वर्षों का कठोर सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया.13 जून 2026 को वे भारतीय सेना में कमीशंड अधिकारी बने. उनकी इस उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र में खुशी एवं गर्व का माहौल है. ग्रामीणों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है.अभिषेक की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना है और यह साबित करता है कि अनुशासन, समर्पण और निरंतर प्रयास से कठिन से कठिन लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है. उनके इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर अतरसन गांव एवं सारण जिले के लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है.

## सारण डीएम और एसएसपी ने तरैया में निर्माणाधीन तटबंध कार्य का किया निरीक्षण,30 जून तक शेष कार्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** जिले में संचालित बाढ़ सुरक्षा एवं तटबंध निर्माण कार्यों की प्रगति की मोनीटिंग को लेकर सारण डीएम वैभव श्रीवास्तव और एसएसपी विनीत कुमार ने मंगलवार को तरैया प्रखंड अंतर्गत निर्माणाधीन हसनपुर-बनिया-सगुनी तटबंध परियोजना का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्य निष्पादन की स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। जल संसाधन विभाग द्वारा हसनपुर-बनिया-सगुनी के बीच लगभग 8.33 किलोमीटर लम्बे नया तटबंध निर्मित कराया जा रहा है। यह तटबंध क्षेत्र के लोगों को संभावित बाढ़ से अतिरिक्त सुरक्षा प्रदान करने तथा जान-माल की रक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बनाया जा रहा है। इस परियोजना के अंतर्गत लगभग 7 किलोमीटर तटबंध निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जबकि शेष कार्य तीन अलग-अलग हिस्सों में प्रगति पर है। इस दौरान जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने मधोपुर पंचायत स्थित निर्माणाधीन खंड का निरीक्षण किया तथा कार्य की गुणवत्ता एवं गति का जायजा लिया। वहीं जिलाधिकारी ने कार्यपालक अभियंता, बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल को स्पष्ट निर्देश दिया कि शेष सभी कार्यों को 30 जून 2026 तक हर हाल में पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि संभावित बाढ़ को देखते हुए किसी भी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा निर्धारित समय-सीमा का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। तटबंध निर्माण कार्य जिले के बाढ़ सुरक्षा तंत्र का महत्वपूर्ण हिस्सा है और इससे बड़ी आबादी को राहत एवं सुरक्षा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने तथा आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की नियमित निगरानी पर विशेष बल देते हुए अनुमंडल पदाधिकारी, मढ़ौरा को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य की प्रगति की प्रतिदिन समीक्षा एवं निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कार्य की दैनिक मॉनिटरिंग से किसी भी प्रकार की बाधा या विलंब की स्थिति में तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जा सकेगी। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि संभावित बाढ़ से पूर्व सभी सुरक्षात्मक एवं संरचनात्मक कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण कर लिया जाए, ताकि क्षेत्र के लोगों को अधिकतम सुरक्षा उपलब्ध कराई जा सके।

## मशरक में विभिन्न जगहों सहयोग शिविर आयोजित, जागरूकता या जानकारी नहीं होने से नहीं पहुंचे लोग




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के बंगरा और कवलपुरा पंचायत के पंचायत भवन के परिसर में, प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में और नगर पंचायत कार्यालय परिसर में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। हालांकि इस भीषण गर्मी में भी बंगरा और कवलपुरा पंचायत में आयोजित सहयोग शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रहीं। प्रखंड कार्यालय परिसर और नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आयोजित सहयोग शिविर की जानकारी या जागरूकता नहीं होने से स्थानीय लोगों की उपस्थिति नगण्य रहीं। सहयोग शिविर में सीओ सुमंत कुमार, बीडीओ पंकज कुमार, नगर पंचायत कार्यपालक पदाधिकारी बब्लू कुमार, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चंदन कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉ अनंत नारायण कश्यप और बंगरा मुखिया ललिता देवी, कवलपुरा मुखिया प्रतिनिधि पप्पू सिंह ने उद्घाटन किया। वहीं मौके पर पंचायत के अलग-अलग वार्डो से आए लोगों ने विभिन्न विभागों के समस्याओं से संबंधित आवेदन दर्ज कराए। सहयोग शिविर में पहले से दिए कुछ आवेदन पर कारवाई को लेकर आदेश जारी किया गया। बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों का चरणबद्ध तरीके से निष्पादन किया जाएगा। सहयोग शिविर में बनें राशनकार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाणपत्र और जॉब कार्ड वितरित किए गए। वहीं बीडीओ पंकज कुमार ने बताया कि प्रखंड कार्यालय परिसर में अंचल कार्यालय के सभागार में 17 और 18 जून को सहयोग शिविर आयोजित किया गया है जिसमें सभी विभागों के स्टाल लगाएं गये हैं सभी लोग इसमे पहुंच इसका लाभ उठाएं और सरकार की योजनाओं जानकारी लें।

## कुमना मुखिया धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह को मिला यशस्वी मुख्यमंत्री सम्मान



**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के कुमना पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्यों और जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रतिष्ठित 'यशस्वी मुख्यमंत्री सम्मान' से सम्मानित किया गया।सोमवार को पटना स्थित होटल ताज में अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी के तत्वावधान में आयोजित भव्य सम्मान समारोह में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार तथा सांसद मनोज तिवारी सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ डब्ल्यू सिंह अपने पंचायत क्षेत्र में विकास कार्यों, जनहित से जुड़े प्रयासों और आम लोगों के बीच सक्रिय सहभागिता के कारण एक चर्चित मुखिया के रूप में पहचान रखते हैं। पंचायत स्तर पर किए गए उनके सराहनीय कार्यों को देखते हुए उन्हें इस सम्मान से नवाजा गया।सम्मान प्राप्त करने के बाद डब्ल्यू सिंह ने कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं, बल्कि कुमना पंचायत की जनता के विश्वास और सहयोग का सम्मान है। उन्होंने भविष्य में भी पंचायत के सर्वांगीण विकास और जनसेवा के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया। इस उपलब्धि से कामना पंचायत सहित पूरे जलालपुर प्रखंड में खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया।

## शीतलपुर में भव्य कलशयात्रा के साथ नौ दिवसीय श्रीरुद्र महायज्ञ आरंभ



**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी प्रखंड क्षेत्र के शीतलपुर स्थित श्रीराम-जानकी बड़का मंदिर परिसर में नौ दिवसीय श्री श्री रुद्र महायज्ञ को लेकर मंगलवार को भव्य कलशयात्रा निकाली गई। यज्ञ मंडप से एक हजार एक कलश के साथ निकली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। हाथी, घोड़े, ऊंट, बैंड-बाजे तथा आकर्षक झांकियों के साथ निकली कलशयात्रा पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बनी रही। श्रद्धालु भक्ति गीतों एवं जयघोष के बीच पूरे उत्साह के साथ ताजपुर स्थित सरयू नदी के डुमाईगढ़ घाट पर पहुंचे।जहां वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य विजेंद्र पाण्डेय के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कलशों में सरयू नदी का पवित्र जल भरा। इसके बाद श्रद्धालु हर-हर महादेव, जय श्रीराम तथा जय बजरंगबली के जयघोष के साथ पुनः यज्ञस्थल पहुंचे। यहां वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार भूमि पूजन एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महायज्ञ का शुभारंभ कराया गया। कलशयात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना रहा।यज्ञाधीश स्वामी हृदयनारायणाचार्य जी ने बताया कि महायज्ञ के तहत प्रतिदिन विभिन्न वैदिक एवं धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। 17 जून से पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अरणी मंथन सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न होंगे। यज्ञ अवधि के दौरान वाराणसी के प्रख्यात कथावाचक स्वामी श्रीहराग्रीवाचार्य जी श्रद्धालुओं को रामकथा का रसपान कराएंगे।

## गोपालगंज जा रहें शिक्षा मंत्री को भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुस्तकालय जीर्णोद्धार का सौंपा ज्ञापन



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के महावीर चौक पर बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री मिथलेश तिवारी का भव्य स्वागत किया गया। स्वागत कार्यक्रम भाजपा मंडल अध्यक्ष सह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष दुर्गेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों ने मंत्री का फूल-माला पहनाकर अभिनंदन किया और उनका अंग वस्त्र देकर गर्मजोशी से स्वागत किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शिक्षा मंत्री को स्टेशन रोड अवस्थित ब्रजनंदन पुस्तकालय के जीर्णोद्धार को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। मीडिया के सवालों का जबाब देते हुए उन्होंने कहा कि जो भी शिक्षक उपस्थित बनाकर विद्यालय से फरार रहेंगे उन पर सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

# सिवान को मिली 179.79 करोड़ की 38 विकास योजनाओं की सौगात

**परवेज़ अख्तर दैनिक खोज खबर /सीवान।** पचरूखी प्रखंड के पपौर में आयोजित सहयोग शिविर यात्रा के दौरान जिले पहुंचे मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सिवानवासियों को 179.79 करोड़ रुपये की 38 विकास योजनाओं की बड़ी सौगात दी।

इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न विभागों की 122.14 करोड़ की 16 योजनाओं का शिलान्यास किया। साथ हीं 57.66 करोड़ की 22 योजनाओं का उद्घाटन कर विकास कार्यों को नई गति प्रदान की। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की उपस्थिति रही। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई एवं ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए तेजी से योजनाओं को धरातल पर उतार रही है।



इन परियोजनाओं के पूरा होने से जिले के लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र के समग्र विकास को बल मिलेगा। सीएम ने बताया कि शिलान्यास योग्य 16 योजनाओं पर कुल 122.14 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इनमें भवन निर्माण विभाग की चार योजनाएं 66.68 करोड़ रुपये की हैं, जबकि बिहार मेडिकल सर्विसेज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर कारपोरेशन लिमिटेड (बीएमएसआईसीएल), सारण की एक योजना पर 44.50 करोड़ रुपये व्यय होंगे।

इसके अलावा बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, लघु सिंचाई प्रमंडल तथा नगर परिषद की विभिन्न योजनाएं भी शामिल हैं।

वहीं 22 उद्घाटन योग्य योजनाओं की कुल लागत 57.65 करोड़ रुपये है। इनमें स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन के कार्य प्रमंडल-1 एवं 2 की कई परियोजनाएं, सारण नहर प्रमंडल मैरवा की योजना, बीएमएसआईसीएल, भवन निर्माण विभाग, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम, लघु सिंचाई प्रमंडल तथा पंचायती राज विभाग की योजनाएं शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को सभी परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से पूरा करने तथा गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।

जिले में कुल 179.79 करोड़ रुपये की इन 38 योजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास से स्वास्थ्य, शिक्षा, सिंचाई, आधारभूत संरचना और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में नई संभावनाएं खुलेंगी तथा सिवान के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## पचरुखी : आईडी कार्ड को लेकर पुलिस प्रशासन व कार्यकर्ता में हुई नोकझोंक

**परवेज़ अख्तर दैनिक खोज खबर/सीवान।** मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद पहली बार सिवान पहुंचे सम्राट चौधरी के सहयोग शिविर में वीवीआइपी कार्यकर्ता व पुलिस प्रशासन के बीच नोकझोंक हो गई। इसके बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों और आमंत्रित लोगों के लिए बनाई गई वीवीआईपी गैलरी की आधे से अधिक कुर्सियां कार्यक्रम समाप्त होने तक खाली पड़ी रहीं।आरोप है कि ड्यूटी पर तैनात साइबर डीएसपी आशुतोष कुमार ने बिना किसी ठोस कारण के कई पासधारकों को प्रवेश से रोक दिया। पास पर फोटो नहीं होने का हवाला देकर लोगों को वापस लौटा दिया गया, जबकि संबंधित लोग आधार कार्ड एवं अन्य पहचान पत्र दिखाने को तैयार थे। इस कारण कार्यकर्ता व पुलिस प्रशासन में काफी नोकझोंक हुई। हालांकि दारौंदा विधायक के प्रयास से मामला शांत हुआ। प्रशासन की इस रवैया के कारण वीवीआइपी दीर्घा सुनी नजर आई और आमंत्रित लोग बाहर ही रह गए।

**जांच के दौरान हटाया गया लोगों का सामान:** बतादें कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहयोग शिविर में सुरक्षा व्यवस्था में तैनात सुरक्षा कर्मी लोगों की जांच कर रहे थे। कार्यक्रम स्थल के अंदर आने वाले लोगों के पास मौजूद सामानों को गेट पर ही निकल कर फेंक दिया जा रहा था।

## सहयोग शिविर के मंच से ही मुख्यमंत्री ने लोगों को किया अभिवादन

**परवेज़ अख्तर दैनिक खोज खबर/सीवान।** पचरूखी प्रखंड स्थित पपौर गांव में मंगलवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहयोग शिविर के क्रम में पहुंचे। मुख्यमंत्री का हेलीकाप्टर जैसे ही पपौर गांव स्थित परिसर में लैंड किया वहां मौजूद ग्रामीणों ने शोर करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान ग्रामीण मुख्यमंत्री के आगमन की प्रतीक्षा में थे। गांव में चारों और चहल-पहल थी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की झलक पाने को लोग उत्सुक दिखे। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री को देखकर बच्चों से लेकर बड़े-बुजुगें की भीड़ उमड़ी रही। वहीं कार्यक्रम स्थल के बाहर काफी संख्या में लोगों की भीड़ थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों का सहयोग शिविर के मंच से ही अभिवादन किया।

## चलती ट्रेन में गूंजी नवजात की किलकारी

**परवेज़ अख्तर दैनिक खोज खबर/सीवान।** समस्तीपुर जा रही विशेष ट्रेन संख्या 04731 में मंगलवार को उस समय आपात स्थिति उत्पन्न हो गई जब एक महिला यात्री को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। सिवान जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की तत्परता से आपरेशन मातृशक्ति के तहत महिला का सुरक्षित प्रसव कराया गया, जिसमें उसने एक स्वस्थ पुत्री को जन्म दिया। इसके बाद आरपीएफ ने उसे आगे की इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, समस्तीपुर जिले के धलमतपुर गांव निवासी संजीत साहनी अपनी पुत्री विद्या कुमारी के साथ सिरसा से समस्तीपुर की यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान ट्रेन के जनरल कोच में विद्या कुमारी को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। इसी बीच ट्रेन जब सिवान जंक्शन पहुंची, तो आरपीएफ को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पाली प्रभारी सुरेश कुमार यादव, हेड कांस्टेबल धर्म प्रकाश मिश्रा तथा कांस्टेबल विनोद कुमार वर्मा मौके पर पहुंचे और महिला को तत्काल ट्रेन से सुरक्षित उतारकर प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। इसके बाद एंबुलेंस की मदद से मां और नवजात बच्ची को बेहतर उपचार के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। स्जवन के अनुसार, महिला ने यात्रा के दौरान ही एक स्वस्थ पुत्री को जन्म दिया। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि आपरेशन मातृशक्ति का उद्देश्य यात्रा के दौरान गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराना तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है। आरपीएफ की तत्परता से यह अभियान एक बार फिर प्रभावी सिद्ध हुआ।

## पुराने तार को जोड़कर बहाल की गई बिजली आपूर्ति

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के बबुनिया मोड़ के समीप सोमवार की देर शाम 11 हजार वोल्ट का तार टूट जाने से छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। बड़ा हादसा होते-होते टल गया। घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं घटनास्थल पर सीसी कैमरा का वीडियो में भी सामने आया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। इधर घटना की सूचना मिलने पर बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। स्थानीय लोगों का आरोप था कि विभाग द्वारा नया तार लगाने के बजाय टूटे हुए पुराने तार को ही जोड़कर बिजली की सप्लाई शुरू कर दी गई। इससे लोगों में नाराजगी देखी गई। लोगों ने कहा कि जर्जर तारों को समय रहते नहीं बदला गया तो भविष्य में बड़ा हादसा हो सकता है। बताया कि ये घटना तीसरी बार है। उधर, बिजली विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आपूर्ति बहाल करने के लिए तत्काल मरम्मत कार्य कराया गया है। जल्द ही लाइन का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार तार बदलने की कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व उपमुख्यमंत्री के आगमन को ले तैयारी में जुटे भाजपा कार्यकर्ता

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं भाजपा की वरिष्ठ नेत्री रेणु देवी का 18 जून को महाराजगंज आगमन होगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार वह शहर स्थित शहीद स्मारक परिसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम में शामिल होंगी। उनके आगमन को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आयोजकों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसको लेकर मंगलवार को जगदीशपुर गांव स्थित नगर भाजपा अध्यक्ष अमरजीत सिंह के आवास पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा पूर्वी के जिलाध्यक्ष रंजीत प्रसाद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 साल का कार्यकाल पूरा होने पर 18 जून को फुलेना शहीद स्मारक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी,सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में आम लोगों के भाग लेने की संभावना है। पूर्व उपमुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सुरक्षा एवं प्रशासनिक स्तर पर भी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उनके स्वागत को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने की अपील की है। बैठक में भाजपा नेता जितेन्द्र सिंह, दिलीप कुमार सिंह, प्रिंस कुमार आदि उपस्थित थे।

## अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का होगा संचालन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रेल प्रशासन द्वारा आगामी सिपाही भर्ती की भर्ती परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु 05106 एवं 05112 सिवान-हाजीपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी का संचालन सिवान से 17, 24 एवं 28 जून को निम्नवत किया जाएगा। इस संबंध में मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी गोरखपुर सुमित कुमार ने बताया कि 05106 सिवान-हाजीपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 17, 24 एवं 28 जून को सिवान से 14.00 बजे प्रस्थान कर दारौंदा से 14.22 बजे, एकमा से 14.42 बजे, छपरा से 15.35 बजे, दिघवारा से 16.17 बजे, परमानंदपुर से 16.32 बजे तथा सोनपुर से 16.50 बजे छूटकर हाजीपुर 17.15 बजे पहुंचेगी।

05112 सिवान-हाजीपुर अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 17, 24 एवं 28 जून को सिवान से 18.30 बजे प्रस्थान कर दारौंदा से 18.52 बजे, एकमा से 19.12 बजे, छपरा से 20.05 बजे, दिघवारा से 20.47 बजे, परमानंदपुर से 21.02 बजे तथा सोनपुर से 21.20 बजे छूटकर हाजीपुर 21.45 बजे पहुंचेगी। इस गाड़ी के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के होंगे।

## मस्तिष्क ज्वर से बचाव को ले सभी बीईओ व प्रधानाध्यापक को निर्देश

**दैनिक खोज खबर/दारौंदा, (सिवान)।** मस्तिष्क ज्वर (एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम-एईएस) की रोकथाम एवं जनजागरूकता को लेकर बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के निर्देश पर जिला शिक्षा कार्यालय ने जिले के सभी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारियों (बीईओ) तथा विद्यालय प्रधानों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद् के राज्य परियोजना निदेशक नवीन कुमार द्वारा जारी पत्र के आलोक में जिला शिक्षा कार्यालय ने कहा है कि सिवान एईएस प्रभावित 12 जिलों में शामिल है। ऐसे में विद्यालयों के माध्यम से व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि बच्चों को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखा जा सके। निर्देश के अनुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी तीन प्रमुख संदेश 'खिलाओ, जगाओ और अस्पताल ले जाओ' का प्रचार-प्रसार विद्यालयों के चेतना सत्र में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच किया जाएगा। साथ ही जिला एवं प्रखंड स्तर की बैठकों में भी एईएस से बचाव के उपायों की जानकारी दी जाएगी। विद्यालयों की प्रमुख दीवारों पर जागरूकता संबंधी संदेश लिखवाने, विद्यालय शिक्षा समिति की बैठकों में इस विषय पर चर्चा करने तथा आमजन को जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। मिड-डे मील के तहत बच्चों को प्रोटीनयुक्त भोजन उपलब्ध कराने और एईएस से प्रभावित होकर दिव्यांग हुए बच्चों को गृह आधारित शिक्षा से जोड़ने पर भी विशेष बल दिया गया है।

इसके अलावा सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम के तहत मस्तिष्क ज्वर से संबंधित गतिविधियों को आवश्यकतानुसार दोहराने तथा स्वास्थ्य विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा चलाए जाने वाले जागरूकता अभियानों में पूर्ण सहयोग देने का निर्देश दिया गया है।

## बाइक से गिरकर महिला घायल

**दैनिक खोज खबर/सिसवन (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिवान-सिसवन मार्ग पर नहर के समीप बाइक से गिरकर एक महिला घायल हो गई। घायल महिला स्थानीय निवासी शैलेश साह की पत्नी सुनीता देवी है। वह बाइक पर बैठकर चैनपुर बाजार जा रही थी, तभी नीचे गिर गई। सिसवन रेफरल अस्पताल में इलाज कराया गया।

## बदमाशों को या तो बिहार छोड़ना होगा या फिर सुधर जाना होगा : सम्राट चौधरी

**परवेज़ अख्तर दैनिक खोज खबर/सीवान।** सबका सम्मान,जीवन आसान के संकल्प को धरातल पर उतारने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पचरूखी प्रखंड के पपौर गांव में आयोजित सहयोग कार्यक्रम में पहुंचे। इससे पूर्व डीवीएम पब्लिक स्कूल में बने हेलीपैड पर सारण आयुक्त मनीष कुमार, डीआईजी निलेश कुमार, जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय, पुलिस अधीक्षक पूरन कुमार झा सहित जनप्रतिनिधियों ने उनको बुके देकर स्वागत किया। तत्पश्चात जिला पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड आफ आनर दिया गया। इसके बाद सीएम का काफिला कार्यक्रम स्थल की ओर रवाना हुआ। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का निरीक्षण करते हुए योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इसके बाद सीएम सहयोग शिविर सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे, जहां जिलाधिकारी ने स्मृति चिह्न व पौधा देकर पुनः स्वागत अभिनंदन किया। साथ ही सीएम ने दीप प्रज्ज्वलित कर सहयोग शिविर का विधिवत उद्घाटन किया। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रथम राष्ट्रपति देशरत्न डा. राजेंद्र प्रसाद के चरणों में श्रद्धासुमन अर्पित किया। उन्होंने कहा कि जिला ने बिहार प्रदेश सहित भारत को दिशा देने का काम किया है। कहा कि देश के प्रधानमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सपने को सकार कर रहा हूं। नीतीश कुमार के छोड़े हुए कामों को पूरा करने का काम करुंगा। बिहार में उद्योगों का जाल बिछेगा और सिवान में भी चीनी मिल शुरू किया जाएगा। इसके लिए उपयुक्त जमीन उपलब्ध कराने को लेकर जिलाधिकारी को भी निर्देश दिया गया है। सीएम ने स्पष्ट चेतावनी दी कि बदमाशों को या तो बिहार छोड़ना होगा या फिर सुधर जाना होगा। उन्होंने पुलिस को खुली छूट देते हुए कहा कि जो बदमाश कानून को चुनौती देंगे, उनका या तो जेल के भीतर इलाज होगा या श्मशान घाट भेज दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस को निर्देश भी दिया गया है कि अगर बदमाश कोई वारदात करते हैं, तो उसे चुनौती के रूप में लेकर 48 घंटे के भीतर करारा जवाब दें। सुशासन की सरकार में बदमाशों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।इसके पूर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह सदर विधायक मंगल पांडेय ने कहा कि सहयोग शिविर के माध्यम से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाकर जन समस्याओं का त्वरित समाधान करने की पहल सराहनीय है। यह शिविर सबका सम्मान, जीवन आसान के संकल्प को धरातल पर उतार रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार के कारण हीं बिहार को विकास की जनकल्याणकारी योजनाएं मिल रही हैं। सदर विधायक ने कहा कि हमलोगों को प्रसन्नता है कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के विकास के मार्ग को प्रशस्त किया था, उस विकास की रफ्तार को तेज करने का कार्य सीएम द्वारा किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार का समर्थन, सीएम का नेतृत्व व नीतीश कुमार के कार्य व योजना, ये सभी मिलकर बिहार के विकास के शिखर पर पहुंचाने का कार्य करेंगे। उन्होंने सिवान में भी उद्योग धंधे लगाने व निवेश करने की बात सीएम से कही। वहीं बड़हरिया विधायक इंद्रदेव सिंह पटेल ने कहा कि सरकार द्वारा चीनी मिलों को पुनः सुचारू रूप से चालू कराने की बात कही गई है, लेकिन पचरूखी चीनी मिल की जमीन को औने-पौने कीमत पर बेच दिया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग की कि चीनी मिल को चालू कराया जाए, ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों को रोजगार मिल सकें। जदयू के राष्ट्रीय महासचिव सह पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा ने शहर में जाम जैसी चुनौती से निपटने के लिए दारोगा प्रसाद राय बाइपास मोड़ से लेकर तरवारा मोड़ तक ओवरब्रिज बनाने की मांग की। उन्होंने जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के आगमन पर लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल पर पुरूषों की अपेक्षा महिलाओं की भीड़ काफी ज्यादा देखने को मिली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लाभुकों से संवाद कर योजनाओं की जमीनी स्थिति की भी जानकारी ली।

## कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/चैनपुर सिसवन (सिवान)।** प्रखंड क्षेत्र के मेहंदार स्थित कमलदाह सरोवर के पूर्वी भिंडा पर अवस्थित विष्णु मंदिर परिसर में मंगलवार को कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं कन्याओं ने भाग लेकर धार्मिक आस्था का परिचय दिया। वैदिक मंत्रोच्चारण और जयघोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। कलश यात्रा विष्णु मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गों से होते हुए पवित्र कमलदाह सरोवर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने वैदिक विधि-विधान के अनुसार जल भरकर कलश स्थापित किए। इसके पश्चात यज्ञ मंडप में पूजा-अर्चना एवं अन्य धार्मिक अनुष्ठानों के साथ महायज्ञ का विधिवत शुभारंभ किया गया। महायज्ञ के व्यवस्थापक एवं विष्णु मंदिर के महंत शिवपूजन महाराज ने बताया कि नौ दिनों तक चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में प्रतिदिन वेदपाठ, हवन, प्रवचन, भजन-कीर्तन एवं विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। वहीं प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का वाचन भी किया जाएगा। यज्ञाचार्य पंडित अजीत कुमार मिश्र ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार होगा।

आयोजन समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पंडाल, प्रकाश, पेयजल, प्रसाद वितरण सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। कलश यात्रा में महंत शिवपूजन महाराज, सुदामा तिवारी, प्रो. जगदीश तिवारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आसपास के गांवों से आए श्रद्धालु शामिल हुए। महायज्ञ के शुभारंभ के साथ ही पूरे मेहंदार एवं आसपास के क्षेत्रों में भक्तिमय माहौल बन गया है। श्रद्धालुओं में आयोजन को लेकर विशेष उत्साह और उमंग देखने को मिल रही है।

## हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को ले निकली कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट ( सिवान )।** प्रखंड क्षेत्र के माघर बाईस कट्ठा स्थित रूप पांडेय बाबा के स्थान पर आयोजित पांच दिवसीय हनुमान प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का शुभारंभ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ हुआ । कलश यात्रा में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भाग लिया । सुबह वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर यज्ञ स्थल से यात्रा प्रारंभ की । कलश यात्रा निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए पुनः यज्ञ मंडप पहुंची, जहां विधि-विधान के साथ यज्ञ की अन्य प्रक्रियाएं संपन्न कराई गईं । यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे जय श्रीराम और जय हनुमान के उद्घोष से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा । भक्ति गीतों और धार्मिक उत्साह के बीच श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी । स्थानीय मुखिया मनमोहन मिश्र एवं जिला पार्षद बबिता देवी ने बताया कि पांच दिवसीय इस धार्मिक आयोजन में महाबली हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा के साथ-साथ यज्ञ, हवन, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । आयोजन को लेकर क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है । कलश यात्रा में यजमान भोला महतो , मोमेंद्र राय बीरेंद्र प्रसाद मिश्र आदि शामिल थे ।

## युवक का शव पहुंचते मचा कोहराम

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** भगवानपुर हाट थाना क्षेत्र के महमदा पंचायत के चोरमा गांव में मंगलवार की सुबह माधो साह के पुत्र प्रमेंद्र साह का शव सोनपुर से पोस्टमार्टम के बाद घर लाया गया। जहां स्वजनों में कोहराम मच गया। आसपास के लोग पीड़ित परिवार को संभालने में जुटे थे। ज्ञात हो कि प्रमेंद्र साह का शव सोमवार को सोनपुर में रेलवे लाइन के पास लावारिस स्थिति में पुलिस ने बरामद किया था । शव के जेब से मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कर सोनपुर पुलिस ने भगवानपुर हाट थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह को दी । भगवानपुर हाट पुलिस के सूचना पर स्वजन सोनपुर पहुंच शव को हासिल कर घर लाए । स्वजनों के अनुसार प्रमेंद्र कोहिमा में रह कर मछली का व्यवसाय करता था । वह 13 जून को कोहिमा से रेल मार्ग से गांव के लिए निकला था। 15 जून को लावारिस हालत में सोनपुर में पुलिस द्वारा बरामद किया गया। माधो साह के दो पुत्र हैं प्रमेंद्र साह छोटा बेटा है। प्रमेंद्र अपने परिवार का इकलौता कमाऊ सदस्य था । उसके मौत से परिवार पर संकट का पहाड़ टूट पड़ा है । पत्नी का पूरा जीवन किसके सहारे कटेगा । सभी इस बात की चर्चा कर रहे थे ।उसकी शादी दो साल पहले अंजली देवी से हुआ था।

## मानदेय भुगतान की मांग को ले नगर पंचायत के सफाई कर्मी हड़ताल पर

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** मानदेय भुगतान नहीं होने से नाराज नगर पंचायत के सफाई कर्मी मंगलवार को हड़ताल पर चले गए। सफाई कर्मियों के काम बंद कर देने से शहर के विभिन्न मोहल्लों और मुख्य सड़कों पर कूड़ा-कचरे का अंबार लग गया है।

इससे आम लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सफाई कर्मियों का कहना है कि उन्हें कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। बार-बार संबंधित अधिकारियों से मांग करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं होने पर उन्हें हड़ताल का रास्ता अपनाना पड़ा। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक बकाया मानदेय का भुगतान नहीं किया जाएगा, तब तक उनकी हड़ताल जारी रहेगी। हड़ताल के कारण शहर के बाजार, वार्डों की गलियों तथा सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा जमा होने लगा है। बरसात के मौसम में कूड़े के ढेर से दुर्गंध फैलने और संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका भी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से जल्द समस्या का समाधान कर नियमित सफाई व्यवस्था बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में नगर पंचायत के ईओ डा विपिन कुमार का कहना है कि सफाईकर्मियों के मानदेय भुगतान की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही समस्या का समाधान कर सफाई व्यवस्था को सामान्य करने का प्रयास किया जाएगा।

## जमीनी विवाद में पट्टीदारों के बीच मारपीट मामले में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज(सिवान)।** थाना क्षेत्र के छाता गांव में बीते 11 जून को ज़मीनी विवाद में दो पट्टीदारों के बीच हुई झड़प में चार लोगों के घायल होने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में एक पक्ष से पीड़िता यास्मीन खातून ने थाने में आवेदन देते हुए कहा है कि मेरे ससुर ने मेरे पति को कुछ जमीन बख्शिश दिए हैं।जिसमें हमलोग मकान बनाकर रहते हैं। मेरी देवरानी रुक्सार खातून रहने लगी और घर के लिए बराबर विवाद करती रहती है। उसकी बड़ी बहन शहनाज़ खातून अपनी बहन छोटी बहन के पक्ष से होकर हमलोगों से लड़ाई करती है। 11 जून की सुबह दोनों बहनें उपरोक्त बातों को लेकर मुझे तथा मेरे पति अफलातून अली को मारपीट कर घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष से रुक्सार खातून का कहना है कि 11 जून को घटना के दिन मेरी जेठ व जेठानी यास्मीन खातून एवं अफलातून ने घरेलू बातों को लेकर मुझे मारकर काफी जख्मी कर कर दिए।